भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या: 3692

गुरुवार, 23 मार्च, 2023/2 चैत्र, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

छोटे विमानपत्तनों से छोटे विमानों का प्रचालन

3692. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री विद्युत बरन महतोः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश के छोटे शहरों और दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थित छोटे विमानपत्तनों पर प्रचालनगत छोटे विमानों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में छोटे विमान बनाने के लिए वैश्विक विमान विनिर्माता एम्ब्रेयर एसए और रूस के सुखोई के साथ सहयोग किया है/ किसी सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सौदे की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) उक्त छोटे विमान देश के दूरस्थ और दूर-दराज के क्षेत्रों तक आसान पहुंच प्रदान करने में किस प्रकार सहायक होंगे;

(ङ) चालू वित्त वर्ष में इस संयुक्त सहयोग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर कुल कितने छोटे विमानों के निर्माण की संभावना है; और

(च) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजनार्थ कोई धनराशि स्वीकृत और जारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) नागर विमानन महानिदेशालय में अनुरक्षित डेटा के अनुसार 5 अनुसूचित यात्री विमान प्रचालक हैं, जिनके विमान प्रचालक प्रमाणपत्र (एओसी) में 14 विमान पृष्ठांकित हैं। इसके अलावा, तीन अनुसूचित प्रचालक एटीआर 42/72, क्यू400 तथा डीओ-228 विमान का प्रचालन भी कर रहे हैं। विमान प्रचालक प्रमाणपत्र में पृष्ठांकित किए गए ऐसे विमानों की संख्या के साथ ऊपर उल्लिखित प्रचालकों की सूची अनुलग्नक में प्रस्तुत है।

(ख) तथा (ग): जी, नहीं।

(घ) छोटे विमान देश के दूरस्थ तथा अलग-अलग क्षेत्रों के अंतिम छोर तक सम्पर्क के लिए आसान पहुँच मुहैया कराने में सहायक होते हैं, क्योंकि ये दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थित दोटे रनवे के लिए सार्वधिक अनुकूल होते हैं, जहां परिवहन के अन्य माध्यम काफी अधिक समय लेते हैं एवं सीमित हैं।

(ङ) तथा (च): उपर्युक्त (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

****

लोक सभा के दिनांक 23.03.2023 के लिखित प्रश्न संख्या 3692 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

अनुलग्नक

15/03/2023 की स्थिति के अनुसार छोटे विमानों का प्रचालन करने वाली एयरलाइनों की सूची

क्र.सं.	एयरलाइन का नाम	विमान का प्रकार	विमानों की संख्या
1	एविएशन कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड - (एयर टैक्सी)	टेक्नम2006टी	1
2	बिग चार्टर प्रा. लिमिटेड (फ्लाई बिग)	एटीआर72-600	3
3	जीएसईसी मोनार्क और डेक्कन एविएशन प्रा. लिमिटेड (इंडियावन एयर)	सेसना ग्रैंड कैरावैन 208बी	2
4	घोडावत इंटरप्राइजेज प्रा. लिमिटेड (स्टार एआईआर)	ईएमबी-145एलआर	5
5	पवन हंस लिमिटेड (एससीओ)	डॉफिन-2 एसए 365एन	3
6	एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड (एलायंस एयर)	एटीआर72-600 एटीआर42-600 डीओ-228-201	18 2 1
7	इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो)	एटीआर72-600	39
8	स्पाइस जेट लिमिटेड (स्पाइस जेट)	क्यू 400	28

****